**दिनांक 10 दिसंबर 2022** **स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई**

**निर्माण एवं विकास कार्यों को लेकर निगम सभागार में हुई मैराथन बैठक, महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा, निर्माण एवं विकास कार्यो को रफ्तार देने के लिए प्रत्येक सप्ताह जोन आयुक्त स्वयं करेंगे अपने जोन के कार्यों की समीक्षा, स्पॉट पर देखेंगे काम और प्रस्तुत करेंगे साप्ताहिक प्रोग्रेस रिपोर्ट**

भिलाई निगम/ भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत हो रहे निर्माण एवं विकास कार्यों को रफ्तार देने के लिए आज महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने सभागार में समीक्षा बैठक ली। इस मैराथन बैठक में छोटे-बड़े सभी विकास/निर्माण कार्यो की गहराई से समीक्षा की गई। निगमायुक्त रोहित व्यास ने जोन आयुक्तों को निर्देश दिए कि प्रत्येक सप्ताह अपने जोन क्षेत्र अंतर्गत संचालित सभी कार्यों की विस्तार से समीक्षा करें और निर्माण कार्यों की प्रगति देखने स्पॉट निरीक्षण कर कार्यों में तेजी लाएं तथा इसकी सप्ताहिक रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करें। बैठक में अप्रारंभ कार्यों को प्रारंभ करने , प्रगतिरत कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने , उपयोगिता प्रमाण पत्र समय पर भेजने के निर्देश दिए गए। निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए अधोसंरचना मद , राज्य प्रवर्तित, केंद्र प्रवर्तित, 14 वें वित्त एवं 15 वें वित्त आयोग के कार्य, माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा के कार्य, मंत्री एवं विधायक निधि , महापौर निधि, पार्षद निधि, एल्डरमैन निधि के कार्यों की स्थिति , सड़कों के मरम्मत एवं संधारण की स्थिति , पाइप लाइन संधारण कार्य , नाली, पुल-पुलिया निर्माण, डोम शेड निर्माण, सीमेंटीकरण कार्य आदि पर प्रत्येक जोन से बारी-बारी से समीक्षा की गई। उल्लेखनीय है कि निर्माण/विकास कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराने आज की बैठक आहूत की गई थी जिसमें उप अभियंता स्तर से लेकर वरिष्ठ अभियंताओं एवं अधिकारियों के कार्य की समीक्षा गहन रूप से की गई।